समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# DU PG Admission 2025: ‘ER’ वाले छात्रों के लिए भी खुला है दाखिले का रास्ता, जाने जंरूरी शर्ते और तारीखे।

Publisher

Published on 29 May 2025




## CUET स्कोर के आधार पर मेरिट लिस्ट से होगा एडमिशन, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और फॉर्म मे सावधानी जरूरी।

**नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए **पोस्ट ग्रेजुएट (PG)** कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। इस बार खास बात यह है कि जिन छात्रों के रिजल्ट में **ER (Essential Repeat)** का उल्लेख है, वे भी आवेदन कर सकते हैं — लेकिन एक शर्त पर। उन्हें **31 अक्टूबर 2025** तक न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हासिल करने होंगे, तभी उनका एडमिशन वैध माना जाएगा।

**6 जून है आवेदन की अंतिम तारीख**

**PG कोर्स** में दाखिला लेने की चाह रखने वाले छात्रों के पास अब ज्यादा समय नहीं है। **डीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन** की **अंतिम तिथि 6 जून 2025** तय की गई है। सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे बिना देरी किए फॉर्म भर लें, क्योंकि इसके बाद कोई अवसर नहीं मिलेगा।

**डीयू के छात्रों को नहीं चाहिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट**

**दिल्ली यूनिवर्सिटी** के छात्रों के लिए राहत की बात यह है कि उन्हें **माइग्रेशन सर्टिफिकेट** जमा करने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन अन्य यूनिवर्सिटियों से आने वाले अभ्यर्थियों को यह दस्तावेज अनिवार्य रूप से देना होगा।

**CUET स्कोर ही बनेगा मेरिट का आधार**

१. **PG कोर्स मे दाखिला CUET-PG 2025 स्कोर** के आधार पर होगा।
२. एक **कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (CSAS)** के तहत मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।
३. सीट मिलने के बाद छात्र को उसे स्वीकार करना होगा, वरना वह **एडमिशन प्रक्रिया** से बाहर माना जाएगा।
४. **स्वीकृत सीट को बाद मे अपग्रेड भी किया जा सकता है**।

**फॉर्म भरते समय रखे यें सावधानियां**
१. **आवेदन फॉर्म मे गलत जानकारी देना पड़ सकता है भारी**।
२. **बैंक डिटेल्स सही भरना जरूरी है, क्योंकि किसी रिफंड की स्थिति मे वहीं पैसा ट्रांसफर होगा**।
३. **यदि कोई छात्र एक से अधिक कोर्स मे दाखिला लेना चाहता है, तो हर कोर्स के लिए अलग आवेदन शुल्क देना अनिवार्य होगा**।

**वेबसाइट पर अपडेट्स के लिए नजर बनाए रखे**
**डीयू पीजी एडमिशन डीन प्रो. हनीत गांधी** और **डॉ. अमित पुंडिर** ने छात्रों से अपील की है कि वे **admission.uod.ac.in** पर नियमित रूप से विजिट करते रहें, ताकि किसी भी जरूरी सूचना से चूक न हो।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.